भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2093

31 जुलाई, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

टेलिमेडिसिन सेवाएं

2093. श्री बैजयंत पांडा:

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वित्तीय वर्ष 2024–25 के दौरान सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के माध्यम से प्रदान किए गए परामर्शों सहित सरकार द्वारा समर्थित प्लेटफार्मों के माध्यम से आयोजित टेलिमेडिसिन परामर्शों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) आकांक्षी जिलों की आबादी सहित ग्रामीण, दूरस्थ और अल्पसेवित आबादी के बीच टेलिमेडिसिन सेवाओं का कवरेज कितना है; और

(ग) सरकार द्वारा टेलिमेडिसिन अवसंरचना, डिजिटल कनेक्टिविटी और स्वास्थ्य साक्षरता का विस्तार करने के लिए स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों और अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं के क्षमता निर्माण सहित क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का विचार है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (ग): ई-संजीवनी प्लेटफ़ॉर्म के तहत, वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 11 करोड़ से अधिक परामर्श दिए गए हैं, जिसमें जन स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों के माध्यम से प्रदान किए गए परामर्श भी शामिल हैं।

यह सेवा 141,171 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (स्पोक) के एक नेटवर्क के माध्यम से सभी 36 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में ग्रामीण, दूरस्थ और अल्पसेवित आबादी, जिसमें आकांक्षी जिले भी शामिल हैं, में कार्यशील है, जिसे 19,173 हब और इसमें शामिल डॉक्टर और विशेषज्ञ सहित 2,39,281 स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं का सहयोग प्राप्त है।

यह प्लेटफ़ॉर्म भारत की विविध आबादी के लिए समावेशी और सुलभ बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। ई-संजीवनी वेब एप्लिकेशन 15 भाषाओं: अंग्रेजी, हिंदी, कन्नड़, तमिल, मलयालम, तेलुगु, मराठी, गुजराती,

असमिया, ओडिया, बंगाली, पंजाबी, उर्दू, मणिपुरी और कोंकणी को सपोर्ट करता है जबकि मोबाइल एप्लिकेशन 14 भाषाओं: अंग्रेजी, हिंदी, कन्नड़, तमिल, मलयालम, तेलुगु, मराठी, गुजराती, असमिया, ओडिया, बंगाली, पंजाबी, मणिपुरी और कोकणी को सपोर्ट करता है। यह बहुभाषी सपोर्ट इसे व्यापक रूप से विशेष कर दुर्गम और ग्रामीण क्षेत्रों में, जहाँ स्थानीय-भाषा वाला इंटरफ़ेस उपयोग में सुधार और रोगी सुविधा को काफी बेहतर बनाते हैं और अपनाने में मदद करता है।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने स्वास्थ्य पेशेवरों और अग्रिम पंक्ति कर्मियों के लिए क्षमता निर्माण सहित टेलीमेडिसिन अवसंरचना, डिजिटल कनेक्टिविटी और स्वास्थ्य साक्षरता का विस्तार करने के लिए विभिन्न उपाय कार्यान्वित किए हैं। प्लेटफ़ॉर्म का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के लिए इन उपायों में डॉक्टरों, स्वास्थ्य कर्मियों और अन्य हितधारकों के लिए नियमित प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यक्रम भी शामिल हैं।

*****